राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र



web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### सिदो कान्हू पार्क में चलाया गया सफाई अभियान

**रांची:** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) की ओर से रांची के सिदो कान्हू पार्क में पर्यटक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आईएचएम के छात्रों ने पार्क में फैली गंदगी को साफ किया। मौके पर पत्रकार कला मंच के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से पार्क में आने वाले पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें पार्क में पॉलिथिन, पानी की बोतलें और कूड़ा कचरा नहीं फैलाने और पार्क को साफ सुथरा रखने का संदेश दिया गया। पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाने या उन्हें गंदा नहीं करने की भी सीख दी गयी। नुक्कड़ नाटक में शहर में नदियों और सड़कों की बदहाली का भी जिक्र किया गया।

**मौसम**

मानसून की सक्रियता में आ रही कमी

# 27 अगस्त तक राज्य में छिटपुट बारिश का रहेगा असर



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आने वाले कुछ दिनों तक राज्य में छिटपुट बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक मौसम में मानसून का विशेष असर नही देखा जायेगा। इन दिनों हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश राज्य में देखा जायेगा। वहीं कुछ इलाकों में धूप का असर भी देखा जायेगा। जिससे लोगों को गर्मी और उमस का एहसास होगा।मौमस वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी कि 26 और 27 अगस्त को राज्य के पूर्वी इलाके में मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसमें देवघर, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा समेत अन्य जिलों में बारिश होने की संभावना है। इन दो दिनों के दौरान इन जिलों में वज्रपात की भी संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अन्य जिलों में इस दौरान बादल के साथ धूप का असर देखा जायेगा। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। इस दौरान राजधानी रांची मे भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो आने वाले दो दिनों के दौरान तापमान में बहुत अधिक वृद्धि नहीं दर्ज की जायेगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। वही, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। 26 अगस्त से तापमान में वृद्धि की संभावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

## इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने चैयरमैन विजिट का किया आयोजन



राष्ट्रीय खबर

रांची:इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट 325 ने अध्यक्ष माला श्रीवास्तव और सचिव सोमा भादुड़ी के नेतृत्व में चैयरमैन विजिट का आयोजन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉक्टर रागिनी रानी ने क्लब का जायजा लिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का फाइल चेक किया। साथ ही डॉक्टर रागिनी रानी ने क्लब के कुछ महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन किया। इसमें महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र, गौ अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट और कैंसर जागरूकता को लेकर होर्डिंग लगवाना शामिल है। चैयरमैन विजिट में एक सेंटर का उद्घाटन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा महिलाओं को सिलाई, बुनाई, कुकिंग, फ्लावर मेकिंग, ब्यूटीशियन आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके। इस केंद्र के खोलने में क्लब की ट्रेजर नीता शेखर ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरा गौ अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट किया गया। वहीं तीसरा कैंसर जागरूकता के लिए कचहरी चौक पर होर्डिंग लगवाया गया। इसके अलावा विलुप्त होती सबर जनजाति की महिलाओं को ट्रेनिंग दिया गया।

## महिला मुक्केबाज लक्ष्मी ने झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अंतरराष्ट्रीय महिला मुक्केबाज लक्ष्मी पाड़ेया ने झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा पर गंभीर आरोप लगाया है। सरायकेला-खरसावां के बेल्डी बस्ती निवासी लक्ष्मी वर्तमान में झारखंड पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। गुरुवार को उन्होंने खेल सचिव को शिकायत पत्र देकर मामले से अवगत कराया। शिकायत पत्र में उन्होंने लिखा है कि वे पिछले 20 वर्षों से मुक्केबाजी खेल से जुड़ी हैं। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक जीते हैं और अपने राज्य तथा पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है। कई वर्षों से राजीव कुमार वर्मा, जो वर्तमान में झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष हैं, ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। जातिसूचक गाली देकर अपमानित किया। उनके इस व्यवहार और अपमान के कारण वे काफी मानसिक परेशानी झेल रही हैं। इस मामले को लेकर उन्होंने अनुसूचित जाति- जनजाति थाने में प्राथमिकी (संख्या 01/23, दिनांक 01।06।2023) दर्ज करवाई है।

लक्ष्मी ने शिकायत पत्र में कहा है कि राजीव कुमार वर्मा की पहुंच बहुत ऊपर तक है। कई बार उच्च पदाधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब राजीव कुमार वर्मा की ओर से केस वापस लेने की धमकी भी दी जा रही है।लक्ष्मी ने शिकायत पत्र की प्रतिलिपि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री चंपई सोरेन, मंत्री हफिजुल हसन, पुलिस महानिदेशक, मुख्य सचिव, खेलकूद विभाग के निदेशक, केंद्रीय सेवा समिति के अध्यक्ष एवं महासचिव को भी दी है। इस मामले को लेकर झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सिंह ने कहा कि लक्ष्मी पाड़ेया ने थाने में शिकायत की है। पुलिस को इसकी तहकीकात करने दिया जाए। अभी इस पर टिप्पणी करना सही नहीं है। वहीं जब झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो कॉल नहीं लगा।

रानी लक्ष्मी बाई प्रशिक्षण योजना

## झारखंड के सरकारी स्कूलों की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जायेगा



राष्ट्रीय खबर

**रांची** :झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सरकारी स्कूलों में कक्षा छह से 12वीं तक की छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराटे, मार्शल आर्ट, जूडो, ताइक्वांडो आदि शारीरिक प्रशिक्षण देने का निर्देश जारी किया है। यह आदेश छात्राओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए दिया गया है कार्यक्रम का नाम प्रतिष्ठित भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और योद्धा रानी लक्ष्मी बाई के नाम पर रखा गया है।इस पहल का उद्देश्य लड़कियों को आत्मरक्षा कौशल से लैस करना है, जिससे वे अपनी सुरक्षा कर सकें। अपनी क्षमताओं पर विश्वास पैदा कर सकें। जानकारी के अनुसार योग्य आत्मरक्षा प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षक सत्र आयोजित करने के लिए प्रत्येक स्कूल का दौरा करेंगे। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में शारीरिक हमले, छेड़छाड़ और उत्पीड़न सहित सामान्य खतरनाक स्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया जायेगा।कार्यक्रम का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने योग्य प्रशिक्षकों को नियुक्त करने और आवश्यक संसाधन प्रदान करने, प्रशिक्षण खर्च के लिए धन आवंटित कर दिया है। परिषद द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रशिक्षकों को तीन माह के लिए 15,000 रुपये का भुगतान किया जायेगा।जेईपीसी के एक अधिकारी ने कहा कि छात्राओं के जीवन पर प्रशिक्षण का स्थायी प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। इससे वे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का आत्मविश्वास से सामना कर पायेंगी। राज्य का लक्ष्य छात्राओं के बीच सुरक्षित और अधिक समावेशी वातावरण, सुरक्षा और आत्म-आश्वासन की भावना को बढ़ावा देना है।

## देवघर में अगले आदेश तक मेला ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द



राष्ट्रीय खबर

**रांची**:देवघर में राजकीय श्रावणी मेला में तैनात पुलिसकर्मियों की अगले आदेश तक के लिये सभी प्रकार की छुट्टी स्थगित कर दी गई है। देवघर एसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश में बताया गया है कि श्रावणी मेला-2023 के मलमास पक्ष की समाप्ति के पश्चात द्वितीय मेला अवसर पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण के लिये काफी भीड़ होने की संभावना है, इसको देखते हुए सभी प्रकार के अवकाश को अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है। सभी ओपी, टीओपी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारी अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।देवघर एसपी ने राजकीय श्रावणी मेला में कई पुलिसकर्मी को ड्यूटी के दौरान बिना नेम प्लेट देखे जाने की सूचना पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। एसपी की ओर से जारी आदेश में बताया गया है कि सभी ओपी, टीओपी एवं क्यूआरटी मे प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी व कर्मी को डयूटी के दौरान प्रायः देखा गया कि वे बिना नेम प्लेट के डयूटी में रहते हैं। अत सभी ओपी, टीओपी एवं क्यूआरटी प्रभारी को आदेश दिया जाता है कि डयूटी के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी अपना नेम प्लेट निश्चित रूप से लगायेंगे। डयूटी के दौरान बिना नेम प्लेट के पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

**प्रावधान**

विधेयक का प्रारूप तैयार करने के लिए समिति गठित

## झारखंड में नये आदर्श किराया एक्ट से मकान मालिक व भाड़ेदार के विवादों का होगा निपटारा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में आदर्श किराया अधिनियम अब नये सिरे से बनाया जायेगा। मकान मालिक व भाड़ेदार से जुड़े विवादों को निपटारे के लिए पुख्ता प्रावधान किए जायेंगे। पुराने अधिनियम पर अब तक राष्ट्रपति की सहमति नहीं मिलने और झारखंड हाईकोर्ट में इसके विभिन्न अव्यवों को लेकर याचिका दायर होने के कारण राज्य सरकार ने नये सिरे से विधेयक तैयार कराने का फैसला लिया है जिसमें सारे पक्षों का ध्यान रखा जायेगा। नगर विकास विभाग ने झारखंड भवन पट्टा किराया एवं बेदखली नियंत्रण अधिनियम 2011 यथा संशोधित 2016 के स्थान पर नये सिरे से विधेयक के प्रारूप को तैयार करने के लिए




एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है।इस समिति के अध्यक्ष विधि विभाग के अपर विधि परामर्शी कमल कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस समिति में महाधिवक्ता द्वारा नामित विधि विशेषज्ञ व नगर विकास विभाग के राज्य नगर निवेशक गजानंद राम को सदस्य बनाया गया है। दरअसल, विधि विभाग ने वर्तमान अधिनियम 2016 पर राष्ट्रपति की स्वीकृति लेने का अनुरोध सरकार से किया था, लेकिन कई ऐसे प्रावधान है जिस वजह से इसकी सहमति राष्ट्रपति से लेने में असमर्थता जतायी गयी। इसके बाद अब नये सिरे से विधेयक बनाने की तैयारी की जा रही है। समिति अध्ययन करेगी और विधेयक तैयार करने के लिए सरकार को अनुशंसा करेगी। सारे पहलुओं की समीक्षा के बाद इसे कैबिनेट की स्वीकृति दी जायेगी। फिर विधानसभा से पारित कराके कानून का रूप दिया जायेगा।आदर्श किरायेदार अधिनियम के सभी पहलुओं पर अध्ययन करना एवं इसे झारखंड राज्य के लिए अनुरूप तैयार करना। अन्य राज्यों में इसके लिए लागू अधिनियम, परिनियम का अध्ययन करते हुए प्रस्तावित विधेयक प्रारूप में इसे शामिल करना। झारखंड भवन पट्टा किराया एवं बेदखली नियंत्रण अधिनियम 2011 और झारखंड भवन पट्टा किराया एवं बेदखली नियंत्रण संशोधन अधिनियम 2016 जो वर्तमान में प्रभावी है, जिसके प्रावधानों के अंतर्गत की गयी कार्रवाई की वैधानिक तथा इस अधिनियम में ऐसे प्रावधान, प्रावधानों जिनका प्रस्तावित विधेयक में भी रखना जरूरी हो तो इसकी समीक्षा की जायेगी। झारखंड उच्च न्यायालय में कई बिंदुओं पर याचिका दायर है, उस पर भी अध्ययन कर विधेयक का प्रारूप तैयार होगा। राष्ट्रपति की अनुमति संबंधी प्रारूप भी विधेयक में होगा।

### जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता आज से शुरू

**रांची:** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आज चौथा रांची जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, मनरखन महतो अध्यक्ष मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल, संजय सिंह अध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, श्रीमती रेखा नायडू प्रिंसिपल मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल, ईश्वर चंद संरक्षक ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉ जयदीप आर्या ने ऑनलाइन के माध्यम से संदेश दिए। स्वागत भाषण सुश्री संतोषी कुमारी और स्वास्तिक उच्चारण डॉ एस के घोषाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नागपुरी पारंपरिक नृत्य एवं एरियल योगा डांस प्रस्तुत किया गया। आज प्रतियोगिता चार स्तर पर की गई। जिसमें सीनियर ए में 18 से 28 वर्ष तक, सीनियर बी वर्ग में 28 से 35 वर्ष तक, सीनियर वर्ग में 35 से 45 वर्ष और 45 से 55 वर्ष तक के उम्र के प्रतिभागी शामिल हुए।

## न्यूज फटाफट

### आदिवासी समन्वय मंच का समिट 26 और 27 अगस्त को

**रांची:** आदिवासी समन्वय मंच के बैनर तले दो दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी समिट का आयोजन लालगुटवा में 26 व 27 अगस्त को होगा। आदिवासी मंच के संयोजक विश्वनाथ तिर्की, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के रवि तिग्गा व जयस के शिव शंकर उरांव ने कहा कि समिट में देश भर के आदिवासी समाज के जीवंत मुद्दों पर चर्चा होगी। इन पर चर्चा के लिए अलग-अलग राज्यों से प्रतिनिधि समेत में शामिल होंगे। जिन मुद्दों पर चर्चाएं होगी, उसमें समान नागरिक संहिता, आदिवासियों पर हो रहे शोषण (मणिपुर सहित), वोट बैंक के लिए अन्य संभ्रांत वर्गों को आदिवासी जनजाति दर्जा, संवैधानिक रूप से जनजाति शब्द को हटाकर आदिवासी शब्द का प्रयोग करने और आदिवासियों के धार्मिक पहचान एवं परम्परा को बचाने पर परिचर्चा होगी। समिट में सरना धर्मगुरु बंधन तिग्गा, कोकराझार असम के सांसद सांसद नब कुमार सराणिया, विधायक डॉ हीरालाल आलाव (मध्यप्रदेश), पूर्व सांसद सालखन मुर्मू, कांति रोत आदिवासी परिवार राजस्थान, हेमंत सरियाम (बेतुल मध्यप्रदेश), अर्जुन राठवा (गुजरात), नरसिंहमा कटराम (तेलंगाना जयस प्रभारी), रविराज बाघेल, मध्यप्रदेश जयस प्रभारी, अशोक चौधरी आदि शामिल होंगे।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन

**रांची**: कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह (21 से 26 अगस्त) मनाया जा रहा है। इसके तहत आज शुक्रवार को स्कूल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वाइस प्रिसिंपल उज्ज्वल कुमार नायक और चीफ कॉर्डिनेटर आशा राज ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद बच्चों ने श्रीमद्भगवद्गीता गीता के चतुर्थ अध्याय का पाठ, मृदपि च चंदनमस्मिन देशे संस्कृत गीत एवं शिव तांडव स्तोत्र पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा दसवीं की छात्रा शुभांगी पटेल ने संस्कृत भाषा में संभाषण प्रस्तुत किया। संस्कृत में श्लोक एवं गीत प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। साथ ही छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। मौके पर उज्ज्वल कुमार नायक ने कहा कि संस्कृत भाषा के उच्चारण मात्र से कई प्रकार के प्राणायाम हो जाते हैं। इससे मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। साथ ही बच्चों के उच्चारण दोष का निवारण किया जा सकता है। विद्यालय के संस्कृत टीचर अभय नाथ मिश्र ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। वर्तमान समय में भौतिक सुख सुविधाओं का अंबार होने के बावजूद भी मानव समाज कई तरह के मानसिक अवसाद, तनाव, चिंता और अनेक प्रकार के रोगों से ग्रसित है। आगे कहा कि केवल भौतिक उन्नति से मानव का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। इसके लिए आध्यात्मिक उन्नति अत्यंत आवश्यक है। जिसकी पूर्ति संस्कृत भाषा द्वारा की जा सकती है। चीफ कॉर्डिनेटर आशा राज ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कृत और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ती है।

### बीएड प्रशिक्षुओं ने ब्लीचिंग पाउडर के बारे में लोगों को किया जागरूक

**रांची**: चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा स्थित डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एन-5, 5 के बैनर तले बोरोबिंग गांव का भ्रमण किया गया। जिसमें बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा गांव के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डाला गया। प्रशिक्षुओं ने लोगों को ब्लिचिंग पाउडर की जानकारी एवं उपयोगिता को बताया गया। बोरोविंग गांव को एनएसएस के माध्यम से विभिन्न तरह से उपयोगी एवं फायदेमंद हो रही है। महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम के निर्देशन में यह कार्यक्रम हुआ। उपस्थित शिक्षकों में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रंजू वंदना होरो, बीएड के सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा, सुश्री संजू रंजना होरो, मो. परवेज अखतर तथा डीएलएड की प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन एवं व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबूचंद प्रसाद तथा बीएड एवं डीएलएड के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

### सावन सिंधारा उत्सव धूम-धाम से मनाया जाएगा

**रांची** :आदि शक्ति श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड मे बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे आगामी 27 अगस्त को स्थानीय डंगरा टोली स्थित स्वर्ण भूमि बैंक्विट हॉल में जीण माता जी के सावन सिंधरा महोत्सव का आयोजन दोपहर 3:00 बजे से संध्या 7:00 बजे तक किया जाएगा।महोत्सव में मशहूर भजन गायिका शीतल कटारुका एवं उनकी टीम द्वारा समुधुर भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी।महोत्सव में राजस्थानी पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में महिला सदस्यों द्वारा आदि शक्ति श्री जीण माता का सिंधारा एवं श्रृंगार किया जाएगा। इसके तहत माता का मेहंदी महोत्सव गजरा महोत्सव,चुंदड़ी महोत्सव, झूला उत्सव कार्यक्रम किया जाएगा। महोत्सव का समापन माता की महाआरती के साथ किया जाएगा। आदि शक्ति श्री जीण माता के सिंधाराम महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष श्री विजय पालीवाल एवं परिवार के सौजन्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्यों द्वारा योगदान दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्रवाल,सचिव नारायण विजयवर्गीय ने समिति के सदस्यों से आग्रह किया है कि समय से पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं और उन्होंने बताया की प्रसाद भजन संध्या के पश्चात महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।

### कांके में डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम, लोगों को दी कानूनी जानकारी

**रांची**: झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर कांके प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी भारती देवी, जमील अख्तर, बबिता देवी, संगिता देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने महिलाओं से संबंधित कानूनी जानकारी के तहत घरेलू हिंसा अधिनियम, डायन बिसाही, बाल विवाह, बाल यौन अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित पीएलवी ने उपस्थित लोगों को संविधान से जुड़े मूल अधिकारों के बारे में तथा, मानव तस्करी बाल श्रम, दहेज प्रताड़ना से संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी। यह भी ज्ञात हो कि अधिवक्ता ने जिला विधक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उन्हें जागरूक किया तथा किन-किन व्यक्तियों को डालसा नि:शुल्क विधिक सेवा प्रादान कारती हैं, उसकी जानकारी दी।

### झारखंड खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक सुशांत गौरव ने किया पदभार ग्रहण



**रांची** :झारखंड खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के निदेशक सुशांत गौरव ने झारखंड खेल निदेशालय में शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यकारी निदेशक सरोजनी लकड़ा, रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। वहीं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार ने भी खेल निदेशक सुशांत गौरव से मुलाकात की और बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही उन्हें 27 अक्तूबर से रांची में पहली बार आयोजित अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता, झारखंड महिला हॉकी एशियन चैंपियनशिप 2023 एवं शनिवार से रांची में आयोजित छठी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष के आयोजन से संबंधित जानकारी दी गयी।

## शहर >> अपडेट

### जन्माष्टमी पूजा को लेकर भूमि पूजन

**बोकारो:** सेक्टर 9 वैशाली मैदान में जन्माष्टमी पूजा का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा हरला मंडल अध्यक्ष विनय किशोर, पाली सिंह, जितेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, अमित गिरी, संतोष कुमार, अमित कुमार, दीपक सिंह, राजीव मालाकार, योगेश कुमार, दिपू सिंह एवं पूजा कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार एवं कमेटी के सारे पदाधिकारीगण उपस्थित होकर भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का सावन मिलन समारोह

**बोकारो:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की सैन्य मातृशक्ति का सावन मिलन समारोह क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद महिलाओं ने झूला झूलते हुए कजरी के मनमोहक गीतों की प्रस्तुति की। बंगाल से आए नाट्य समूह के कलाकारों ने शिव-पार्वती के वेश में ऐसा सावनमय छद्म वातावरण बनाया की उपस्थित सभी लोग थिरकने को मजबूर हो गए। महिलाओं ने कजरी से लेकर वीरले लोकगीत और देशभक्ति कविताओं की प्रस्तुति की। बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रंगोली, गजरे, मेहंदी प्रतियोगिता व अन्य खेल आयोजन के बाद महिलाओं का रैंप वॉक आयोजित हुआ। सैन्य मातृशक्ति की अध्यक्ष इंद्रावती दुबे ने कहा कि यह अनूठा सावन मिलन मातृशक्ति के जज्बे, सैन्य मातृशक्ति की रंगारंग प्रस्तुति और बच्चों के जोश से लबरेज था। कार्यक्रम व मंच संचालन सुनीता पांडे ने किया। प्रस्तुति व कार्यक्रम संयोजन में राजकुमारी देवी, विनीता सिंह, कुमकुम, रंजना, वंदना, अनीता, गीतांजली, कुमकुम, पिंकी देवी, गुंजन सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कपड़े की दुकान में लगी आग, 5 लाख का नुकसान

**बोकारो:** शहर के दुंदीबाद बाजार में कपड़े की दुकान में शनिवार की सुबह में रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लग गई। सुबह के करीब 7 बजे बाजार के दुकानदारों ने धुंआ उठता हुआ देखा। जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम दमकल लेकर पहुंची और दुकान की शटर को तोड़ते हुए करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाया। दुकान मालिक आत्माराम प्रजापति दुकान का सामान लेने कोलकाता गया हुआ है। उसे लोगों ने सूचना दी। घटना की सूचना सोनाटांड एलएच मोड़ पर रहने वाले परिजनों को जानकारी दी गई। उसकी पत्नी संजू देवी अपने बेटे और बेटियों के साथ दुकान पहुंची, तो दुकान में रखा सारा कपड़ा, रैक जलकर नष्ट हो चुका था।

**प्रदर्शन** वरीय पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही वापस लेने पर करेंगे विचार

# नवीस संघ का धरना छठे दिन भी जारी

- करोड़ से अधिक राजस्व का नुकसान हो चुका है
- हड़ताल जारी रहेगी। जब तक निबंधन पदाधिकारी बदली न हो जाए
- सदस्यों में काफी आक्रोश

राष्ट्रीय खबर



**चास:** दस्तावेज नवीस संघ चास का चास निबंधन कार्यालय में कार्यरत अवर निबंधक पदाधिकारी के खिलाफ शनिवार को छठे दिन भी हड़ताल जारी रहा। इस कारण 6 दिनों से रजिस्ट्री का काम पूरी तरह से बाधित है। जानकारी के मुतबिक अब तक निबंधन विभाग को एक करोड़ से ऊपर रुपए से अधिक राजस्व का नुकसान हो चुका है।

वहीं संघ के सदस्यों ने अपने कार्यालय परिसर में रजिस्ट्रार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका स्थानांतरण करने की मांग राज्य सरकार से की। साथ ही कार्यालय परिसर में बैठक कर आगे की रणनीति बनायी। इस मामले में संघ की प्रदेश कमेटी से आंदोलन में समर्थन करने की अपील की गयी। संघ के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने कहा कि फिलहाल रजिस्ट्रार से वार्ता नहीं हुई है।

विभाग के वरीय पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद ही हड़ताल वापस लेने पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रार की मनमानी के कारण हड़ताल पर जाना पड़ा है।

हड़ताल जारी रहेगी। जब तक निबंधन पदाधिकारी बदली न हो जाए। मौके पर संघ के सचिव पंकज कुमार पांडेय, मनपूरन महतो, दिलीप राय, प्रवक्ता जय कुमार भगतिया, ब्रह्मानंद दे, काली दास दुबे, विजय शंकर झा, छोटेलाल महतो, ओपनचंद्र महतो, कामता प्रसाद राय, बलदेव शर्मा, भक्ति पद मांझी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर सकेंगे मतदान

**बोकारो:** डुमरी विधानसभा उप निर्वाचन को लेकर मतदान होना है। आगामी 05 सितंबर को मतदान होगा। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र ईपीक प्रस्तुत करना है। यदि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य हैं। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड, सांसद एवं विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र है।

## ट्रैफिक पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** सरायकेला खरसावां के पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार सड़क सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है।आए दिन एन एच व विभिन्न सड़कों पर हो रहे सड़क दुर्घटना के नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना प्रभारी को अपने थाना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस के साथ संबंध स्थापित कर सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। जिसे लेकर चांडिल पुलिस ने ट्रैफिक पुलिस के साथ चांडिल गोलचक्कर में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान स्टंटबाजों और रैश ड्राइविंग करने वालों से जुमार्ना वसूला गया। साथ ही लोगो को हेलमेट पहनना व वाहन के कागजात अपने साथ रखने और कार से चलने वालों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने व बाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने की अपील की। चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आवागमन व्यवस्था सुचारू रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जो लगातार जारी रहेगा।

## शिक्षा व विकास में चौबे का रहा है महत्वपूर्ण योगदान: नरेश महतो



राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** कसमार क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद स्व. भगवती शरण चौबे की 42वां पुण्यतिथि कसमार चौक स्थित काशीश्वर वाटिका में शनिवार को मनायी गयी। इस दौरान स्व. चौबे की प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कसमार के छात्र नेता सह मंजूरा के पूर्व मुखिया नरेश कुमार महतो ने की। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते श्री महतो ने कहा कि भगवती शरण चौबे ने समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया, कसमार के ग्रामीण हमेशा उन्हें याद रखेंगे। उन्होनें अथक परिश्रम से कसमार जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया था। साथ ही लगातार कई दशक तक कसमार के मुखिया पद पर कार्य करते हुए क्षेत्र का विकास किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि शिक्षाविद भगवती शरण चौबे और स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे दोनों भाइयों ने मिलकर कसमार प्रखंड मुख्यालय, थाना, हाई स्कूल, पोस्ट ऑफिस व अन्य इकाइयों की स्थापना की, जो क्षेत्र के लिए एक मिसाल है। मौके पर गर्री कसमार के शिक्षाविद मुरारी कृष्ण चौबे, दुर्गा प्रजापति, अविनाश कुमार चौबे, रमेश महाराज, रतन कुमार चौबे, रक्षित चौबे, मकीम अंसारी, ऐनुल अंसारी, विकास पांडेय, किशोरी कपरदार, राकेश पांडेय, विजय कपरदार, हरि साधन मुखर्जी, निरंजन जयसवाल, रवि पांडेय, परमेश्वर गोस्वामी, बाबर अंसारी, राजेश चौबे, कैलाश कपरदार, सुधीर जयसवाल, जगेश्वर प्रजापति, तकसुद अंसारी, तौफीक अंसारी, सुधीर कुमार चौबे, सुनील कुमार चौबे, नितेश चौबे, रामलाल ठाकुर, नागेश्वर महतो, संजय पांडेय व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## देशभक्ति समूह गायन प्रतियोगिता में डीपीएस चास प्रथम



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** अंतर जिला देशभक्ति समूह गायन प्रतियोगिता में डीपीएस चास स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शनिवार को डीपीएस चास स्कूल में गायन समूह के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बता दें कि यह प्रतियोगिता डॉ. राधाकृष्णन सहोदया कॉम्प्लेक्स की ओर से बीएसएल एलएच स्थित एआरएस पब्लिक स्कूल में 23 अगस्त को आयोजित की गई थी। इसमें 25 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में गायन में कक्षा-8 की अक्षरा कुमारी, साक्षी कुमारी, कक्षा-9 में मयंक राज, अनुराग पांडेय व अयुष सिंह शामिल थे। वहीं वाद्ययंत्र पर संगति कक्षा-7 के अनमोल कुमार व कक्षा-9 के बौद्धिक गोस्वामी ने दी थी। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए स्कूल के डायरेक्टर नवीन शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी सराहना की। वहीं डीपीएस चास की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी नित नए-नए सफलता के आयाम गढ़ रहे हैं। यह हमारे और पूरे डीपीएस चास परिवार के लिए गर्व की बात है। वहीं अपने संदेश में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम में बच्चे खुलकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं। स्कूल के लिए ये बहुत ही गर्व की बात है कि पढ़ाई के साथ-साथ यहां के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल, विद्यालय ने डीन जॉस थॉमस ने इस उपलब्धि पर विजयी विद्यार्थियों

## डाक बम सेवा समिति ने किया भक्तों को रवाना

राष्ट्रीय खबर

**चास:** डाक बम सेवा समिति बोकारो के द्वारा 450 डाक एवं 160 सेवा सदस्यों के साथ भव्य शोभायात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर, जोधाडीह मोड़ से निकालकर राम मंदिर में शोभायात्रा का समापन करते हुए सभी भक्तों को सुल्तानगंज से जल उठाने के लिए हर्षोल्लास के साथ रवाना किया। इस मौके पर भव्य झांकी का आयोजन किया गया।

प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोकारो फाउंडेशन ट्रस्ट की अध्यक्षा नीना नारायण, बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर अश्वनी कुमार मितल, आईएएम बोकारो के अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, समाजसेवी बांके बिहारी सिंह, रोटरी क्लब मिडटाउन कपल्स अध्यक्षा अमिशा अग्रवाल, समाजसेवी मोहन जैन, समाजसेवी भागीरथ शर्मा, प्रसिद्ध चिकित्सक अमरीश सोनी, अपोलो क्लिनिक के नितेश अग्रवाल, समाजसेवी वीरेंद्र चौधरी, अमित अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### पीएलवी की मासिक बैठक सम्पन्न एलएडीसी चीफ ने दिये दिशा-निर्देश

**रांची :** डालसा हॉल, रांची में डालसा के लगभग 30 कार्यरत पीएलवी के साथ एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार एवं एलएडीसी के अधिवक्ता शिवानी सिंह तथा विरेंद्र प्रताप ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये गये। एलएडीसी चीफ ने लिगल-एड-क्लिनिक में जुड़े पीएलवी झालसा कैलेण्डर के अनुसार काम करेंगे और लाभुकों को यथासंभव लाभ पहुचायेंगे। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं, उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों का मदद करें। अंत में सचिव राकेश रंजन ने सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये। एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार, एलएडीसी अधिवक्ता विरेंद्र प्रताप तथा शिवानी सिंह समेत डालसा, रांची के कार्यरत पीएलवी उपस्थित थे।

### रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा में शामिल हुए विधायक



**चांडिल :** ईचागढ़ थाना परिसर में मनोकामना शिव मंदिर में श्रावणी पुजा में रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा का आयोजन किया गया। रूद्राभिषेक में विधायक सविता महतो पहुंचे व माथा टेककर क्षेत्र की शांति व समृद्धि का कामना किए। वहीं पंडित चंद्रभान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रूद्राभिषेक सम्पन्न कराया गया। मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर पुजा समिति द्वारा भव्य रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा का आयोजन किया गया। श्रावण माह के पावन महिना में जल, दुध, दही, गन्ना रस से विशेष अभिषेक किया गया। पंडित चंद्रभान ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रावण के पवित्र माह में मारूति नंदन मनोकामना शिव मंदिर समिति द्वारा धुमधाम से रूद्राभिषेक सह श्रृंगार पुजा किया जाता है। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में भव्य पुजा का आयोजन किया गया। मौके पर केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, अमित कुमार सिन्हा, पंचानन पातर आदि उपस्थित थे।

### बिजली विभाग के लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कृष्णा किशोर

**चांडिल :** बिजली विभाग के लापरवाही व मनमानी रवैये अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उक्त बाते संवाददाता सम्मेलन में झामुमो के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो ने कहीं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग किसी भी गरीब उपभोक्ताओं के ऊपर दबाव न बनाएं और न ही मामला दर्ज करे। कृष्ण किशोर महतो ने कहा कि बिजली विभाग समय-समय पर बिजली नहीं देती है, फिर उपभोक्ताओं समय पर बिल कैसे दें। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी उपभोक्ताओं को डराने का काम न करें और अपने बर्ताव में भी सुधार लाएं अन्यथा झामुमो पार्टी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा इस मामले पर जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर गैरजिम्मेदार पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग करेंगे। मौके पर झामुमो जिला सह सचिव धर्मेन्द्र गोप, झामुमो नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष श्री हरिदास महतो, नीमडीह बीस सूत्री अध्यक्ष हरेकृष्ण सरदार, चांडिल प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष समर भुईया, झायुमो नीमडीह प्रखंड सचिव सचिन गोप, झामुमो युवा नेता विशाल गोप आदि उपस्थित थे।

### चंद्रयान-3 की सफलता के लिए एचईसी के योगदान को नजरअंदाज करना बेमानी होगा: इफ्तेखार महमूद

**कसमार :** कसमार प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव त्रियोनाला में शनिवार को भाकपा राजद जन अभियान के संयोजक एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद की उपस्थिति में बैठक की आयोजित की गयी। अध्यक्षता त्रियोनाला के रोहित सोरेन ने की। कसमार के त्रियोनाला में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाकपा राजद जन अभियान के संयोजक एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता के लिए एचईसी के योगदान को नजरअंदाज करना बेमानी होगा। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के शासनकाल में स्थापित इसरो के वैज्ञानिकों के साथ-साथ हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन के मजदूरों और अधिकारियो का भी बधाई के हकदार हैं। कहा कि चंद्रयान-3 का लॉन्चिंग पैड का निर्माण, आर्थिक तंगी के बावजूद, हेवी इंजीनियरिंग में हुआ। एचईसी केंद्र सरकार के उपेक्षा के कारण भारी आर्थिक तंगी से गुजर रही है। यहां के कर्मचारियों अधिकारियों को 17 माह से वेतन नहीं मिला है। आर्थिक तंगी के बावजूद एचईसी ने देश का शान बढ़ाने वाली चंद्रयान-3 का महत्वपूर्ण हिस्सा-लॉन्चिंग पैड बना कर दिया है। श्री महमूद ने कहा कि केंद्र सरकार उद्योगपतियों को, कर्ज के नाम पर, देश का पैसा दान कर दे रही है।


न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

न्यायालय सूचना

[illegible]

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 93/2020 | 11/2023 | [illegible] ट्रैक्टर संख्या – JH-13B-9442 कोयला 100 Cft. | 15.09.2023 |
| 2 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 55/2022 | 52/2022 | कोयला 40 टन | 15.09.2023 |
| 3 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 10/2021 | 69/2022 | महिन्द्रा ट्रैक्टर चेसिस नं0– F43M15722 Eng. No. 16544F 03 टन कोयला | 15.09.2023 |
| 4 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 148/2022 | 70/2022 | न्यू हॉलैण्ड ट्रैक्टर चेसिस नं0 NH4276913 L402 इंजन नं0 S324D73140 कोयला-2.5 टन | 15.09.2023 |
| 5 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 37/2021 | 71/2022 | (i) पावर ट्रैक ट्रैक्टर इंजन नं0– E3176319 (ii) पावर ट्रैक ट्रैक्टर इंजन नं0– E3082825 कोयला-04टन | 15.09.2023 |
| 6 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 120/2022 | 72/2022 | कोयला-40 टन | 15.09.2023 |
| 7 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 67/2022 | 73/2022 | कोयला-2 टन | 15.09.2023 |
| 8 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 55/2020 | 75/2022 | कोयला-6 टन | 15.09.2023 |
| 9 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 298/2020 | 68/2022 | कोयला-2 टन | 15.09.2023 |
| 10 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 299/2021 | 40/2022 | कोयला-40 टन | 15.09.2023 |
| 11 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 34/2022 | 41/2022 | कोयला-25 टन | 15.09.2023 |
| 12 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 80/2017 | 48/2022 | स्वराज ट्रैक्टर चेसिस नं0 3396379 इंजन नं0 E32151019420 कोयला-2.5 टन | 15.09.2023 |
| 13 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 290/2021 | 53/2022 | कोयला-20 टन | 15.09.2023 |
| 14 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 86/2022 | 55/2022 | कोयला-3 टन | 15.09.2023 |
| 15 | बड़कागांव थाना कांड संख्या 104/2020 | 50/2022 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर चेसिस नं0 T9920001008H कोयला-2.5 टन | 15.09.2023 |
| 16 | केरेडारी थाना कांड संख्या 03/2022 | 39/2022 | महिन्द्रा ट्रैक्टर इंजन नं0 3310085ZJ105096 कोयला-2 टन | 15.09.2023 |
| 17 | केरेडारी थाना कांड संख्या 08/2022 | 38/2022 | 1. मारुति ओमनी नं0– BR-13D-5511 2. मारुति ओमनी नं0– BR-13A-6244 कोयला-4 टन | 15.09.2023 |
| 18 | केरेडारी थाना कांड संख्या 25/2022 | 57/2022 | कोयला-8 टन | 15.09.2023 |
| 19 | केरेडारी थाना कांड संख्या 06/2022 | 58/2022 | मारुति ओमनी नं0– JH-01X-2970 कोयला-1 टन | 15.09.2023 |
| 20 | केरेडारी थाना कांड संख्या 09/2022 | 56/2022 | 1. मारुति ओमनी नं0– JH-01M-3353 2. मारुति ओमनी नं0–JH-01DH-4708 3. मारुति ओमनी नं0–JH-01A-0202 कोयला-8 टन | 15.09.2023 |
| 21 | केरेडारी थाना कांड संख्या 45/2022 | 49/2022 | 1. [illegible] मोटरसाईकल नं0– [illegible] 2. [illegible] मोटरसाईकल नं0–JH-02Q-7800 42 [illegible] | 15.09.2023 |
| 22 | केरेडारी थाना कांड संख्या 44/2022 | 14/2023 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर [illegible] नं0– RJ0FHYDA0233 2. महिन्द्रा ट्रैक्टर [illegible] नं0–TUD760 कोयला-8 टन | 15.09.2023 |
| 23 | ईचाक थाना कांड सं0 67/2022 | 66/2022 | [illegible] कार नं0– JH-10F-0149 कोयला 19 [illegible] | 15.09.2023 |
| 24 | ईचाक थाना कांड सं0 79/2022 | 18/2023 | [illegible] वाहन नं0– JH-10AG-6011 कोयला 4 टन | 15.09.2023 |
| 25 | [illegible] थाना कांड सं0 49/2021 | 37/2022 | [illegible] ट्रैक ट्रैक्टर इंजन नं0– 330120120 [illegible] नं0– 3390FS143HM कोयला 2.5 टन | 15.09.2023 |
| 26 | कम्पलेन केस सं0 2304/2022 | 61/2022 | [illegible] मोटरसाईकल नं0– [illegible] [illegible] | 15.09.2023 |
| 27 | कम्पलेन केस सं0 536/2019 | 31/2019 | [illegible]– 14 पीस | 15.09.2023 |

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 305644 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D


**कार्यक्रम** अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने दी बाल विवाह कानून एवं बाल श्रम की जानकारी

# नगड़ी प्रखंड में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

- एल.ए.डी.सी. अधिवक्ता राजेश ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व पीड़ित मुआवजा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा नगड़ी प्रखण्ड सभागार में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन दिनांक 26.08.2023 को किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी रीना लिंडा, उमेश सतीश, संगीता सिंह, पिंकु कुमारी एवं राजा उपस्थित थे। डालसा के अधिवक्ता एवं पीएलवी ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के उपाय के बारे में बताया। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीना लिंडा एवं उमेश कुमार ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह कानून - 2006, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, शिक्षा का अधिकार, नालसा, झालसा और डालसा क्या है ? इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। तैयारी जोरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत 09 सितम्बर को ज्ञात हो कि 09 सितम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के अधिवक्ता के द्वारा जानकारी दी गयी।

उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी ने नगड़ी आसपास एवं बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। इसके अलावा झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ के बारे में विस्तार से बताया।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### मानवता की मिसाल थी मदर टेरेसा : श्याम

**पाकुड़** : मानवता की मूर्ति मदर टेरेसा की 113 वीं जयंती के अवसर पर झामुमों कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में जिले में स्थापित मदर टेरेसा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। झामुमों जिलाध्यक्ष श्याम यादव द्वारा मदर टेरेसा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कुएं में गिरा हाथी का बच्चा

**रामगढ** : गोला प्रखंड क्षेत्र के साड़म पंचायत स्थित सेरेंगातू गाँव में शनिवार को ग्रामीणों ने एक कुएँ में हाथी के बच्चे को गिरा हुआ देखा तथा इसकी सुचना जंगल के आग की तरह पुरे क्षेत्र में फैल गई। आसपास के लोग हाथी के बच्चे को देखने के लिए जमा होने लगे। संभावना यह व्यक्त की जा रही है कि हाथी का बच्चा खेतों में लगे फसलों के तलाश में रात के अँधेरे में अक्सर गाँव में चले आते हैं जहाँ अँधेरे का पता नहीं चल पाता है और वह इस तरह अक्सर बड़े गड्ढे या कुएँ में गिर पड़ते हैं। ग्रामीणों ने इसकी सुचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। तत्काल वन विभाग के टीम घटनास्थल पर पहुँचकर कुएँ में गिरे हाथी के बच्चे को सही सलामत बाहर निकाला। जब गाँववालों की नजर कुएँ में गिरे हाथी के बच्चे पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत इसकी सुचना स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पाकर वहाँ वनकर्मी पहुँचे। वन अधिकारियों ने तुरंत जेसीबी मशीन मँगवाई इसके बाद वन विभाग की टीम बच्चे को बाहर निकालने के काम में जुट गई और वह सफलता पूर्वक बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला वहीं इस काम में गाँववालों का भी योगदान सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### निधन पर शोक सभा का आयोजन



**बेरमो** : खेमका इंटरप्राइजेज बेरमो के स्टाफ संजय सिंह उर्फ संजू सिंह के निधन पर जारंगडीह मे प्रोपराइटर सुरेंद्र खेमका की उपस्थिति/अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के जारंगडीह स्थित समस्त विभागों के कर्मचारीबन्धु उपस्थित रहे। सभी लोगो द्वारा शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ढांढस बढ़ाया। इस अवसर पर नवल किशोर तिवारी, मोहम्मद रियाज अंसारी, रोहित मुंडा, रमेश मांझी,मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### सड़क पर गिरकर एक वृद्ध व्यक्ति की हुई मौत

**रामगढ** : गिद्दी सिरका परियोजनाके न्यू वर्कशॉप बैरियर चेकनाका व ट्रैक्टर स्टैंड सड़क के पास शनिवार की संध्या करीब 5:15 बजे चितरपुरिया मोहल्ला निवासी 56वर्षीय छोटे राम नामक एक वृद्ध व्यक्ति की सड़क पर गिरकर मृत्यु हो गई। लोगों ने बताया कि मृतक मजदूर सड़क से पैदल सिरका स्टैंड की ओर जा रहा था। न्यू वर्कशॉप चेक पोस्ट के समीप जर्जर सड़क के पास एकाएक गिर पड़ा। इसके बाद बच्चों ने उसे उठाने का प्रयास किया। लेकिन तबतक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलने पर अरगड्डा नोनाहीटाड़ से उसका बड़ा भाई गोपाल राम घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को उठाकर ले गया। भाई ने बताया कि मृतक कुछ दिनों से बीमार चल रहा था। इसके परिवार में कोई भी नहीं है।

**घटना** घटना साडम पंचायत के पथल गढ़ा गांव की,शौच के लिए निकली थी

# एक वृद्ध महिला को हाथियों ने पटक पटक कर मार डाला

राष्ट्रीय खबर



**रामगढ:** गोला वन क्षेत्र के साडम पंचायत अंतर्गत पथल गढ़ा गांव में शुक्रवार की अहले सुबह को हाथियों ने एक वृद्ध महिला को बड़े ही बेरहमी से पटक पटक कर मार डाला। मृतक की पहचान इसी गांव निवासी रमणी देवी उम्र 60 वर्ष पति स्व जांगलू प्रजापति के रूप में कई गई। घटना के बाद घटना स्थल में लोगों की भीड़ उमड़ गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में बताया गया कि रमणी देवी शुक्रवार की अहले सुबह को सौच के लिए खेत की तरफ जा रही थी। हाथियों को वो नही देख सकी। हाथियों के झुंड में शामिल एक हाथी उसे उठा के फेक दिया। उसके बाद अन्य हथियो ने उसे पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल में ही हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हाथी पास के जंगल मे चले गए। ग्रामीण ज्ञानी महतो ने बताया कि हाथी पिछले एक सप्ताह से पास के जंगल में डेरा डाले हुए है। जिससे लोगों में दहशत व्याप्त है। लोग डर के साये में जीने को मजबूर है। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुँची और शव को कब्जे में कर लिया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ भेज दिया गया है। वन कर्मियों ने मृतक के स्वजनों को 20 हजार रुपये का मुआवजा भुगतान किया। इधर घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोश में है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की लापरवाही से लोगों की जान जा रही है। वन कर्मी कोई ठोस पहल नही कर रहे है।

### कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ शुरू



**रामगढ** : गिद्दी : सिरका बुधबाजार स्थित महादेव मंदिर के समीप पांच दिवसीय श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ को लेकर भक्तों ने शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली। महिला पुरुष भक्तों के जयकारों से पूरा क्षेत्र का गुंजाय हो गया। हर-हर महादेव, माता पार्वती, बजरंगबली हनुमान, शिव शंभू के जयघोष के साथ भक्तों ने विधिवत रूप से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पर पहुंचे। कलश यात्रा जीएम ऑफिस सिरका से अरगड्डा दामोदर नदी तक निकाली गई। रुद्र महायज्ञ 25 अगस्त से 30 अगस्त तक चलेगा। यज्ञ में प्रेरणा स्रोत सदानंद झा, आचार्य शैलेश भारद्वाज (अयोध्या), उपाचार्य दिगंबर जी महाराज, मंदिर पुजारी रविंद्र झा व पांच सहयोगी ब्राह्मणों के द्वारा यज्ञ विधिवत मंत्र उच्चारण, नियमों के साथ संपन्न कराया जाएगा। मौके पर आजसू नेता तिवारी महतो, गोपाल करमाली, पूजा कमेटी के अर्जुन भुईयां, आशिकांत सिंह, विनोद करमाली, चांदी रवानी, सुरेश साव, बरती देवी, गीत देवी, सुमन देवी, काजल देवी, ज्योति कुमारी, अंजू देवी, फूलों देवी समेत दर्जनों महिला, पुरुष भक्तजन उपस्थित थे।

## हर हर महादेव के जय घोष से गूंज उठा तेनुघाट



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट** : चलो बुलावा आया है बाबा ने बुलाया है। बोल बम हर हर महादेव के जय घोष से गूंज उठा तेनुघाट जब शास्त्री क्लब के सदस्य सह अधिवक्ता बाबा धाम के लिए जल चढ़ाने को रवाना हुए । मालूम हो कि तेनुघाट शास्त्री क्लब के सदस्य सह अधिवक्ता अधिवक्ता रतन कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, रमेंद्र कुमार सिन्हा, सुभाष कटरियार (राजा), योगेश नंदन प्रसाद, संतोष कुमार महतो, सज्जू सिन्हा तेनुघाट से बाबा धाम के लिए देवघर की ओर रवाना हुए । रवाना होने से पूर्व सभी भक्त पहाड़ी शिव मंदिर और बड़ा चौक शिव मंदिर में जाकर मंदिर पूजा की। पहाड़ी शिव मंदिर के पुजारी राजीव पांडे ने बताया कि सावन के महीने में कहा जाता है बाबा भोलेनाथ मंदिरों में नजर आते हैं। इसलिए जो भी भक्त भगवान से जो भी सच्चे मन से मांगता है। उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। वही कांवरिया के जत्था को विदा करते समय अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो, वेंकट हरि विश्वनाथन, रामा देवी, मीरा देवी, पूनम देवी, ममता सिन्हा, प्रियंका कटरियार, शालिनी सिन्हा, सुजाता प्रसाद, ममता देवी, कौस्तुभ कृष, शिवम कटरियार, सागर सिन्हा, आर्या अरूण, श्रुति कुमारी, बिन्नी कुमारी, अनिकेत नंदन सहित अन्य कई लोग में मौजूद थे।

## डी के गुप्ता के नेतृत्व मे सीसीएल कथारा क्षेत्र का हो रहा है कायाकल्प

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो:** सीसीएल कथारा महाप्रबंधक के पदभार ग्रहण करने के बाद डीके गुप्ता ने जिस तरह से क्षेत्र में कोयला उत्पादन बढ़ाने का प्रयास शुरू किया उसका असर जुलाई महीने के समाप्ति तक स्पष्ट रूप से दिखने लगा। उनके पदभार ग्रहण करने के पहले कथारा क्षेत्र के उत्पादन में एक ठहराव सा आ गया था। लेकिन श्री गुप्ता ने कडी मेहनत, दूर दृष्टि,पक्का इरादा और टीम वर्क से चालू वित्तीय वर्ष के शुरू के चार महीने मे कथारा क्षेत्र मे कोयला उत्पादन,डिस्पैच और ओवी रिमूवल मे जबरदस्त छलांग लगाई है। अप्रैल से 31जुलाई 2023 तक 2022 की तुलना मे कोयला उत्पादन मे 217%, डिस्पैच मे 173% और ओबीआर मे10% का ग्रोथ हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 मे अप्रैल से 31जुलाई तक 2 लाख 47 हजार 89 टन कोयला उत्पादन हुआ था।

जबकि वर्ष 2023 मे इस अवधि मे कोयला उत्पादन 8 लाख 51हजार 993 टन हुआ है, जो वर्ष 2022 मे हुए उत्पादन से 6 लाख 2 हजार 909 टन अधिक है।महाप्रबंधक डी के गुप्ता ने इसका श्रेय सीसीएल के सीएमडी डॉक्टर बी वोरा रेड्डी और कोल इण्डिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद के मार्गदर्शन और सहयोग के साथ-साथ सीसीएल के सभी निर्देशक के महत्वपूर्ण सुझाव और सहयोग को बताते हुए कहा कि एरिया के विभिन्न परियोजनाओ के कामगारो तथा अघिकारियो कि कडी मेहनत और टीम वर्क से सम्भव हो सका है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 मे कोयला उत्पादन लक्ष्य 30 लाख टन निर्धारित किया गया है। श्री गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा तथा डीजीएमएस द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मेन और मशीन क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए गुणवत्ता युक्त कोयला उत्पादन का प्रयास किया जा रहा है।

## अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** शनिवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में सरोज देवी फाउंडेशन की ओर से कक्षा षष्ठ से दशम तक के बहनों को स्वस्थ संबंधी जानकारियां दी गई। आए हुए अतिथियों ने सर्वप्रथम आशा दीदी और सरिता दीदी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सविता दीदी ने अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत की। सरोज देवी फाउंडेशन की ओर से बोकारो सेक्टर 8 से आशा कुमारी और फुसरो से सरिता देवी आई



थी। उन्होंने बालिकाओं से संबंधित समस्याओं की विभिन्न जानकारिया दी गई।अंत में भगवंती दीदी जी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बताया कि स्वस्थ भारत निर्माण हेतु इसकी जानकारी अति आवश्यक है।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



राष्ट्रीय खबर

**वेस्ट बोकारो (घाटो)** : डीआरएम स्पोर्टिंग क्लब केदला दो नंबर के तत्वावधान में शुक्रवार को केदला दो नंबर मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य प्रतिनिधी हेमलाल महतो व विशिष्ठ अतिथि केदला उत्तरी पंचायत मुखिया गिरधारी महतो, बसंत कुमार, बलभद्र दास, पूर्व पंसस गौरी शंकर रजवार, छोटेलाल मांझी, बासुदेव भोगता, बिरू टुडू, बाबूराम, संजुल सोरेन, बिरजा मांझी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि हेमलाल महतो ने कहा कि पढाई के साथ साथ खेल भी आवश्यक है, जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। बसंत कुमार ने कहा कि खेलों से बौद्धिक एवं क्षमता विकास होता है। प्रतियोगिता का पहला मैच करण इलेवन गोसी और कसीयाडीह के बीच खेला गया। इसमें कसीयाडीह ने रोमांचक मैच में करण इलेवन गोसी को 2-1 गोल से शिकस्त देकर विजय रही।

**प्रतियोगिता** दो दिवसीय बीबीएमकेयू चतुर्थ इंटर कालेज वॉलीबाल टूनार्मेंट का शुभारंभ

# खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलनी चाहिए : सिन्हा

राष्ट्रीय खबर





**बेरमो** : दो दिवसीय वॉलीबाल टूनार्मेंट का औपचारिक उद्घाटन आज शनिवार 26 अगस्त, 2023 को मुख्य अतिथि इइटङव के डीएसडब्ल्यू डा एस के सिन्हा के द्वारा केबी कॉलेज बेरमो में किया गया। इन्होंने पुरुष एवम महिला वर्ग में भाग लेने वाली टीमों का उत्साहवर्धन किया। डा सिन्हा ने कहा खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलनी चाहिए। हारजीत की परवाह किए बिना खिलाड़ी को अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते रहना चाहिए। खिलाड़ियों के मानसिक शारीरिक व समग्र विकास मे योगदान देने के लिए खेल प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाले।खेल प्रभारी प्रो नितिन चेतन तिग्गा ने कहा कि वॉलीबाल टूनार्मेंट को लेकर खेल प्रेमियों के बीच काफी उत्साह है। मैच देखने के लिए दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं। वहीं सहायक खेल प्रभारी प्रो मनोहर मांझी ने कहा कि वॉलीबाल टूनार्मेंट खिलाड़ियों के प्रतिभा को तलाशने का कार्य है। जबकि प्रो लक्ष्मी नारायण रॉय ने कहा खेल के द्वारा विधार्थियो का समग्र व्यक्तित्व निर्माण हो पाता है। कॉलेज मे शिक्षा व खेल दोनों मिलकर अनुशासन व चरित्र का निर्माण करते हैं।

प्रो गोपाल प्रजापति ने कहा कि महिलाओं के खेल सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिऐ महिला वॉलीबल टूनार्मेंट इइटङव की प्रतिभाशाली महिला एथलीटों के बीच भागीदारी, टीम वर्क व खेल कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। केबी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ बी एन रजवार ने कहा खेल से विधार्थी मे उत्साह की भावना प्रबल होती है। उत्साह के साथ जीवन मे खिलाड़ी आगे जाएं।पुरुष वर्ग वॉलीबाल टूनार्मेंट मे शामिल इइटङव के कॉलेज के बी कॉलेज बेरमो, पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद, चास कॉलेज चास, सिंदरी कॉलेज, आर वी एस कॉलेज चास, गुरु नानक कॉलेज धनबाद, रवि महतो स्मारक टी टी कॉलेज महुदा, बी डी ए कॉलेज पिछरी , बी बी एम सरदाहा बी एड कॉलेज पिंडाजोरा कुल नौ टीमें टूनार्मेंट खेलने हेतु शामिल हुए हैं। जबकि महिला वर्ग वॉलीबाल टूनार्मेंट मे शामिल इइटङव के कॉलेज के बी कॉलेज बेरमो, गुरु नानक कॉलेज धनबाद एवम पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद की टीमें टूनार्मेंट खेलने हेतु शामिल हुए हैं।पुरुष एवम महिला वर्ग वॉलीबाल टूनार्मेंट मे इइटङव से कुल बारह टीमें शामिल हुई। वॉलीबल ग्राउंड मे मुख्य अतिथि ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्रराप्त कर टूनार्मेंट की शुरूआत किया।सबसे पहले गुरुनानक कॉलेज धनबाद एवम के बी कॉलेज बेरमो के महिला वर्ग के बीच खेल की शुरआत हुई जिसमें गुरुनानक कॉलेज धनबाद ने के बी कॉलेज बेरमो को 25 19, 25 18 से हराया। गुरुनानक कॉलेज धनबाद की महिला टीम पी के रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद के महिला वर्ग से फाइनल में खेल खेलेंगे। दूसरा टूनार्मेंट पुरुष वर्ग के चास कॉलेज चास एवम सिंदरी कॉलेज सिंदरी के बीच किया गया जिसमें चास कॉलेज ने सिंदरी कॉलेज को 23 25,25 15,15 07 से हराया।तीसरा टूनार्मेंट पुरुष वर्ग आर वी एस कॉलेज चास एवम बी बी एम बी एड कॉलेज चास के बीच खेला जा रहा है। चौथा टूनार्मेंट पुरुष वर्ग के बी कॉलेज बेरमो एवम बी डी ए कॉलेज पिछरी के बीच खेला जायेगा। समाचार लिखे जाने तक खेल जारी था। उद्घाटन सत्र में मंच संचालन डॉ नीला पूर्णिमा तिर्की ने एवम धन्यवाद ज्ञापन का कार्य प्रो गोपाल प्रजापति ने किया।

मौके पर तेनुघाट कॉलेज के प्राचार्य प्रो सुदामा तिवारी, बी डी ए कॉलेज के प्राचार्य प्रो एस एन सिंह, प्रो अभिमन्यु सिंह, डा विनय कुमार सिंह, डा आर पी सिंह, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ अलीशा वंदना लकड़ा, डॉ प्रभाकर कुमार, डा वासूदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, प्रो अमित कुमार रवि, डॉ साजन भारती, प्रो मधूरा केरकेट्टा, डॉ राजेंद्र प्रसाद, पुरशोतम चौधरी, संतोष राम आदि कॉलेज परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## डुमरी उपचुनाव में रिकार्ड वोट से एनडीए की होगी जीत: राजेश



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बातचीत के दौरान कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए के पक्ष में जबरदस्त लहर है। लोग बदलाव का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी सर्वकालिक रिकॉर्ड वोट से चुनाव जीतेगी। श्री सिंह ने कहा की लोग भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से निजात पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ डुमरी बल्कि नावाडीह प्रखंड के सभी क्षेत्रों में मोदी मैजिक कम कर रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो आम लोगों को खाद्यान्न, कोरोना वैक्सीन सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की। उनके नाम का सम्मान करते हुए लोग वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है और खुद मुख्यमंत्री के उपर न्यायालय में मामला चल रहा है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के लोग इस बार बेहतर बदलाव के लिए मतदान करेंगे।

